UNIVERSITY NEWS 04 NOVEMBER 2025

AMAR UJALA

लविवि: दीक्षांत सप्ताह के विजेताओं का सम्मान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 68वें दीक्षांत सप्ताह के तहत एक से 10 सितंबर तक हुए कैंपस कार्यक्रमों में विजयी प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने सोमवार को सम्मानित किया। मालवीय सभागार में हुए कार्यक्रम में 717 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र दिए गए और 140 पदक विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक दिए गए। प्रतियोगिताओं में गायन, नृत्य, वाद्य-संगीत, नाट्य मंचन, काव्य पाठ, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, वाद-विवाद, फैशन शो का आयोजन हुआ था। विश्वविद्यालय से संबद्ध बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज, आईटी कॉलेज समेत 20 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी इन प्रतियोगिताओं सहभागिता की। (संवाद)

लविवि: 12 तक भरें परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म 12 नवंबर तक भरना होगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी की गई। बीएएमएस, बीयूएमएस व एमडी के नियमित विद्यार्थी को बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व एक्जेम्प्टेड परीक्षा सत्र 2025 के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जाकर भर सकते हैं। इसके बाद आवेदन की प्रिंट कॉपी परीक्षा शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करनी होगी। महाविद्यालय भरे फार्मों को लॉगिन से विवि को 14 नवंबर तक भेजेंगे। (संवाद)

कला व नृत्य में भी कॅरिअर की अपार संभावनाएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में राजभवन के पर्सनल स्टाफ ऑफिसर (पीएसओ) की ओर से नाटकों का आयोजन विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में सोमवार को हुआ। इसमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने विद्यार्थियों को कला व नृत्य के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अच्छी प्रतिभा को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। डिजिटल के दौर में कला में भी कॅरिअर की अपार संभावनाएं हैं। राजभवन के पीएसओ की ओर से नाटक 'जहर नहीं जीवन चुनें', 'एक दिन मोबाइल बिन' और 'रक्षाबंधन का तोहफा' प्रस्तुत किए गए। (संवाद)

DAINIK JAGRAN

बतरस का अनुपम आनंद लेकर आ रहा 'संवादी'

- लखनऊ विश्वविद्यालय में छह नवंबर से होगा दो दिवसीय साहित्यिक उत्सव
- देश की कई शख्सियतों को सुनने का मिलेगा सुअवसर दोनों दिन प्रवेश मुफ्त

दैनिक जागरण संवादी लखनऊ

जागरण संवाददाता • लखनऊ : साहित्य, सिनेमा और कला-संस्कृति सहित विविध विषयों के शौकीनों को बतरस का अनुपम आनंद देने फिर आ रहा है 'संवादी'। हर वर्ष की भांति इस बार भी संवाद का दो दिवसीय सतरंगी मेला 'दैनिक जागरण संवादी' लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में छह नवंबर से सजने जा रहा है। इसमें एमजे अकबर, वर्मी गौतम, चेतन भगत सहित कई शख्सियतों को सुनने का सुअवसर मिलेगा। दोनों दिन प्रवेश मुफ्त है।

पत्र के साथ मित्र की भूमिका निभाने वाला 'दैनिक जागरण' सामाजिक सरोकारों को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता को लेकर दैनिक जागरण अभिव्यक्ति के उत्सव यानी संवादी का आयोजन प्रतिवर्ष करता है। हर बड़े राज्य और शहर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका यह आयोजन अपने बहुरंगी स्वरूप के कारण लोकप्रिय है। देश की कई नामचीन हस्तियां इसके मंच की शोभा बढ़ा चुकी हैं। इस बार का आयोजन भी अपने विविध रूप लेकर उपस्थित है। छह नवंबर को सुबह 11 बजे विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और विशिष्टजन उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद 'हिंदी हैं हम' सत्र में लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना सहित अन्य वक्ताओं के साथ दैनिक जागरण के राज्य संपादक (उत्तर प्रदेश) आशुतोष शुक्ल संवाद करेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले सत्र में 'अपराधकथा से रोमांस की जमीं' पर निकलेंगे उपन्यासकार चेतन भगत। उनके हमराही होंगे कवि प्रो. इरिका उनियाल। संवाद 'साहित्य के युवा चेहरे' के साथ आगे बढ़ेगा। दोपहर एक बजे से होने वाले इस सत्र का चेहरा कवि चारुतोष त्रिपाठी, भाषाविद कमलेश कमल व उपन्यासकार भगवंत अनमोल होंगे। उनके साथ लेखक राहुल नील विमर्श करेंगे। तीसरे सत्र में दोपहर दो बजे अभिनेता आदर्श गौरव 'वेब सीरीज की तिलिस्मी दुनिया' में उपस्थित होंगे। मनोज राजन उनके साथ चर्चा करेंगे। अगला सत्र 'सहगान के 100 वर्ष' बनाएगा। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल के साथ दैनिक जागरण के वरिष्ठ समन्वयक संपादक डा. भारतीय संजय कुमार संवाद करेंगे। पांचवें सत्र में अभिनेत्री कुनाल सैन विमला श्रीवास्तव के साथ 'सिनेमा और ऑटीटी की चुनौतियां' साझा करेंगी। पहले दिन का छठा एवं अंतिम सत्र 'गुरु दत्त की फिल्मों का संगीत' सुनाएगा। इसमें संगीत के अभीष्ट यतीन्द्र मिश्र के साथ रेडियो जॉकी पुनुस खान गुरु दत्त के अनसुने किस्से साझा करेंगे।

एकते अवधर संग अभिनेत्री वामी गौतम को भी सुनने का मौका : अभिव्यक्ति का उत्सव संवादी के दूसरे दिन का पहला सत्र 'महिलाओं की कलम की धार' तेज करेगा। सुबह 11 बजे से इस सत्र में लेखिका वर्तिका नंदा, अंकिता जैन व अनन्या अवस्थी के साथ आकृति विज्ञ अर्पण संवाद करेंगी।

दोपहर 12 बजे से दूसरे सत्र में 'मुगलों का ज्योतिष शास्त्र' दिखाएंगे वरिष्ठ संपादक और पूर्व केंद्रीय मंत्री एम जे अकबर। इस सत्र का संचालन दैनिक जागरण के अनंत विजय करेंगे। दोपहर एक बजे से तीसरे सत्र 'कथा रंग' में अपनी अनूठी प्रस्तुतियों संग उपस्थित होंगे स्थानीय कलाकार सौम गांगुली, अनमोल मिश्र व चैतन्य श्रीवास्तव। चौथा सत्र दोपहर दो बजे से 'अफसरों की रचनात्मक कलम' की आवाज बनेगा। इसमें गजलकार हरि ओम, लेखक पार्थसारथी सेन गुप्त, कवि मुकुल कुमार ज्ञानेंद्र शुक्ल के साथ अपनी लेखनी के पीछे का किस्सा साझा करेंगे। पांचवें सत्र में दोपहर तीन बजे से मेघा परमार 'एवरेस्ट गाथा' सुनाएंगी। छठा सत्र 'छन्नू लाल जी की स्मृति में' होगा। इसमें लोकगायिका मालिनी अवस्थी, संगीत मर्मज्ञ यतीन्द्र मिश्र के साथ आत्म प्रकाश मिश्र छन्नू लाल मिश्र की यादों की पोटली खोलेंगे। सातवें सत्र में शाम पांच बजे दर्शकों से मुखातिब होंगी अभिनेत्री वामी गौतम। उनसे फिल्म समीक्षक विनोद अनुपम सिनेमाई दुनिया पर संवाद करेंगे। अंतिम सत्र में शाम छह बजे कलाकार अंजना पंडोक 'प्रीफ्ली-गाथा' लेकर उपस्थित होंगी।

AMRIT VICHAR

भूविज्ञान विभाग में हुआ प्रो. ओएन भार्गव का व्याख्यान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग में प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक प्रो. ओम नारायण भार्गव (पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़) का व्याख्यान एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन सिंह ने की। इस अवसर पर प्रो. भार्गव को भूविज्ञान के क्षेत्र में उनके चार दशकों से अधिक के विशिष्ट योगदान के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी जियोलॉजी डिपार्टमेंट एलुमनाई एसोसिएशन की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनल शुक्ला ने किया, जबकि प्रो. मनोज कुमार यादव ने अतिथि का परिचय कराते हुए उनके हिमालय क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय अनुसंधान कार्यों पर प्रकाश डाला।

विवि के दीक्षांत सप्ताह के सम्मानित हुए प्रतिभागी।

प्रतिभागियों का हुआ सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने 68वें दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। 1 से 10 सितंबर तक विभिन्न विधाओं में विश्वविद्यालय व उससे संबद्ध महाविद्यालयों में हुई प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों और विजेताओं को सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन कुलपति प्रो. मनुका खन्ना के संरक्षण और सांस्कृतिकी निदेशक प्रो. अंचल श्रीवास्तव के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर कुल 717 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जबकि 140 पदक विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

कुश्ती के लिए चयन 6 को

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से वर्ष 2025-26 में आयोजित होने वाले उत्तर जोन एवं अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेलों के लिए विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला कुश्ती टीमों के चयन हेतु ट्रायल की तिथि घोषित की गई है। कुश्ती (पुरुष/महिला) वर्ग के चयन परीक्षण 6 नवम्बर को सुबह 11 बजे से महाराजा सिंह जिमनेजियम, लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया है कि वे 6 नवम्बर को सुबह 11 बजे तक लखनऊ विश्वविद्यालय एथलेटिक एसोसिएशन कार्यालय में स्वयं का पंजीकरण अवश्य करा लें। प्रतिभागियों को पंजीकरण के समय दो पासपोर्ट साइज फोटो, चालू सत्र की शुल्क रसीद (मूल), हाई स्कूल प्रमाणपत्र, इंटरमीडिएट अंकपत्र एवं स्नातक अंकपत्र साथ लाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी संपर्क नंबर 7991200599 पर संपर्क कर सकते हैं या ई-मेल पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

DAINIK JAGRAN

प्रो. ओम नारायण को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

लखनऊ : लवि के भूविज्ञान विभाग में सोमवार को पंजाब विश्वविद्यालय के भू-विज्ञानी प्रो. ओम नारायण भार्गव का व्याख्यान एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में प्रो. ओम नारायण ने युवा विद्यार्थियों को क्षेत्रीय कार्य और अनुसंधान की महत्ता समझाते हुए भारत की भूगर्भीय धरोहर के संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। प्रो. भार्गव को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी जियोलाजी डिपार्टमेंट एल्युमिनाई एसोसिएशन की ओर से लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शीला मिश्रा, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. डीडी अवस्थी, प्रो. एआर भट्टाचार्य और प्रो. विभूति राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। (वि.)

प्रो. ओम नारायण भार्गव को प्रो. शीला मिश्रा ने दिया अवार्ड • सौ लवि

12 तक भरे जाएंगे फार्म

लखनऊ : लवि ने बीएएमएस, बीयूएमएस और एमडी के नियमित, बैक पेपर, इंप्रूवमेंट व एग्जेम्प्टेड परीक्षा के आनलाइन फार्म सोमवार को जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से 12 दिसंबर तक फार्म भर सकते हैं। आनलाइन भरे परीक्षा फार्म विवि की ओर से निर्धारित शुल्क के साथ कालेज में जमा करना है। (जासं)

HINDUSTAN

एलयू में सम्मानित किए गए विजेता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दीक्षांत के प्रतिभागियों व विजेताओं का सम्मान समारोह सोमवार को हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने 68वें दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत 1 से 10 सितंबर 2025 तक विभिन्न विधाओं में अंतर संबद्ध महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय में प्रतियोगिता करायी थीं। जिसके विजेताओं का पुरस्कार वितरण मालवीय सभागार में हुआ।

समारोह में 717 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा 140 पदक विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। गायन, नृत्य, वाद्य प्रस्तुति भी हुई।

3

12 नवम्बर तक भरें परीक्षा के फॉर्म

लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में बीएएमएस, बीयूएमएस एवं एमडी के नियमित, बैक पेपर और इम्प्रूवमेंट परीक्षा फॉर्म 12 नवम्बर तक भरें जाएंगे। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विद्यार्थी भर सकते हैं।